खण्ड-8 संख्या-8

# नवम् बिहार विधान-सभा

## विधान सभा वादवृत्त

**भाग-2, कार्यवाही प्रश्नोत्तर-रहित**

मंगलवार, तिथि 19 जनवरी, 1988 ई०

## (ष) बिस्कोमान द्वारा घोषणा किये गये कर्ज की मांफी

**श्री रघुपति गोप :** अध्यक्ष महोदय, वर्ष 1982-83 के रब्बी मौसम में बिस्कोमान द्वारा आपूर्ति हराबहार खाद को सरकार जांचोपरान्त नुकसान देह घोषित करते हुए किसानों को कर्ज माफी की घोषणा कर चुकी है। कर्ज माफ नहीं हुआ। कुर्की वारंट की धमकी जारी है।

सरकार किसानों को कर्ज माफी एवं क्षतिपूर्ति का आदेश दे।

## (स) अनशनधारियों से वार्ता

**श्री रंजीत सिंह :** अध्यक्ष महोदय, राजकीय पोलिटेकनिक सेक्रेटेरियल प्रैक्टीस के छात्र एवं छात्राओं द्वारा अपनी नियोजन संबंधी मांगों को लेकर दिनांक 7.1.88 से 14.1.88 तक क्रमिक अंशन बेली रोड रेलवे क्रासिंग के पूरब चलाया गया। दिनांक 15.1.88 से आमरण अंशन जारी है, जिसका आज पांचवा दिन है। अनशनकारियों की हालत चिंताजनक है। उन सबों की स्वास्थ्य में निरंतर गिरावट आ रही है।

अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि अनशनकारियों के प्रतिनिधि मंडल से सरकार आज ही दिनांक 19.1.1988 को विचार-विमर्श कर उनकी समस्याओं का समाधान करे।

## (ह) प्रबंधकों की सेवा का सरकारीकरण

**श्री जय कुमार पालित :** भारत सरकार के विशेष नियोजन कार्यक्रम 1973 के अन्तर्गत नियुक्त लगभग 4,000 सहकारिता प्रबंधकों के पद का